द इंफोनिक
एक ई-शासन सूचनापत्र
एनआईसी छत्तीसगढ़

अंक 1 सं. 5

जनवरी 2022

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।

समसामयिकी

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र, रायपुर, में दिनांक 27.11.2021 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन "ई -गवर्नेंस के लिए सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में अभिनव विचार" विषय पर किया गया|

डा० अशोक कुमार होता, उप महानिदेशक एवं रा. सू. वि. अधिकारी ने प्रेज़ेंटेशन्स स्किल्स विषय पर अपने व्यक्तव्य प्रस्तुत किया एवम रिपोर्ट्स तैयार करने के बहूउपयोगी पद्धतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जिससे विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट तैयार किये जा सकते हैं|

तत्पश्चात श्री अशोक मौर्य, वरिष्ठ तकनिकी निदेशक एवं श्री उमेश कुमार, वैज्ञानिक-बी द्वारा शबरी ईकॉमर्स पोर्टल पर अपनी प्रस्तुति दी गई, जिसे खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के लिए तैयार किया गया है| इस पोर्टल से भुगतान कर विभाग की कोई भी वस्तु क्रय की जा सकती है| अंत में श्री पी रामाराव, राजभाषा अधिकारी ने कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया|

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र
छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र
ए डी - 2 दूसरी मंजिल, कमरा नं. 14,15,16
महानदी भवन , मन्त्रालय,
नवा रायपुर अटलनगर
छत्तीसगढ़ – 492002
https://chhattisgarh.nic.in

"एक बार जब हम अपने मन को पूरी तरह से भगवान के सामने आत्मसमर्पण कर देते हैं, तो वह हमारी हर प्रकार से देखभाल करता है."

-सत्य साई बाबा

जिला मुंगेली पुलिस की वेबसाइट(http://www.mungelipolice.cg.gov.in) का उद्घाटन

06 दिसम्बर 2021 को जिला मुंगेली पुलिस की वेबसाइट(http://www.mungelipolice.cg.gov.in/) का उदघाटन विशिष्ट अतिथि की सानिध्य में माननीय श्री डी.आर. आचला (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक (भा.पु.से.) द्वारा किया गया। वेबसाइट के निर्माण के लिये जिला पुलिस प्रशासन मुंगेली द्वारा श्री मनोज कुमार सिंह (DIO) जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर DIA श्री देवेंद्र सिंह राजपूत एवं अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थिति रहे।

पुलिस प्रशासन द्वारा वेबसाइट बनाने का अनुरोध स्वीकार कर एनआईसी मुंगेली पुलिस प्रशासन के लिए सूचना प्रद वेबसाइट तैयार किया गया । वेबसाइट में विभिन्न प्रकार की महत्त्वपूर्ण जानकारी एवं लिक प्रदान की गई है:- जैसे की विभागीय होम पेज, हमारे बारे मे, प्रेस विज्ञप्ति, गैलरी, विभागीय आदेश, जांच अधिकारी, महत्वपूर्ण टेलीफोन, जिला पुलिस व्यवस्था, पुलिस क्षेत्राधिकार, अपराध संखायिकी एवं अन्य सुविधाए उपलब्ध हैं।

वेबसाइट की मुख्य विशेषताएं:

1: वेबसाइट अनुक्रियाशील और द्विभाषी है जो अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा दोनों का समर्थन करती है।

2: वेबसाइट पूर्ण रूप से सुरक्षित है एवं सुरक्षा लेखा परीक्षण पूर्ण किया गया हैं।

3: हेल्पलाइन नंबर, नियंत्रण कक्ष, चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, तथा अन्य हेल्पलाइन नंबर उपस्थित हैं।

4: जिला एक नज़र में तथा आधिकारिक लिंक वेबसाइट पर दर्शाया गया हैं।

5: पुलिस प्रशासन की महत्त्व सोशल पेज जैसे फेसबुक, ट्विटर आदि लिंक को दर्शाया गया है।

एकीकृत सड़क दुर्घटना एप्लीकेशन पर प्रशिक्षण

देशभर में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों का विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने तथा दुर्घटनाओं में नियंत्रण के लिये केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय सूचना केंद्र (NIC) तथा IIT मद्रास के सहयोग से iRAD (एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस) मोबाइल ऐप और वेब एप्लीकेशन तैयार किया है।

आई-रेड एप से दुर्घटना रोकने पहल

■ पुलिस अधिकारियों को मिल रहा प्रशिक्षण

■ नवभारत ब्यूरो | अंबिकापुर.
www.navabharat.news

देशभर में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों का विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने तथा दुर्घटनाओं में नियंत्रण के लिये केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय सूचना केंद्र तथा आईआईटी मद्रास के सहयोग से एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस मोबाइल ऐप और वेब एप्लीकेशन तैयार किया है. इस एप्लीकेशन पर अपलोड किये गए डाटा संबंधित विभागों के माध्यम से सड़क सुरक्षा की भावी कार्य योजनाओं के लिये अत्यंत उपयोगी होंगे. प्रदेश के विभिन्न मार्गों में दुर्घटनाओं के सही कारण मालूम होने से आवश्यक सुधारात्मक उपाय किये जाने से दुर्घटनाओं में कमी संभावित है. छत्तीसगढ़ में जिला अंबिकापुर हेतु संजय शर्मा पुलिस मुख्यालय रायपुर, एनआईसी वायवीएस राव तथा सारांश शिर्के द्वारा प्राप्त निर्देशन एवं अमित तुकाराम काम्बले, जियाउर रहमान के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण नियमित अंतराल में आयोजित किया जा रहा है. सम्पूर्ण भारत में सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु का आंकड़ा प्रतिवर्ष बढ़ते जा रहा है जिसको दृष्टिगत रखते ■ शेष पेज 2 पर

इस एप्लीकेशन पर अपलोड किये गए डाटा संबंधित (पुलिस, परिवहन, हाईवे तथा स्वास्थ्य) विभागों के माध्यम से सड़क सुरक्षा की भावी कार्य योजनाओं के लिये अत्यंत उपयोगी होंगे। प्रदेश के विभिन्न मार्गों में दुर्घटनाओं के सही कारण मालूम होने से आवश्यक सुधारात्मक उपाय किये जाने से दुर्घटनाओं में कमी संभावित है। इस हेतु छत्तीसगढ़ में जिला अंबिकापुर हेतु श्री संजय शर्मा (AIG) Traffic पुलिस मुख्यालय रायपुर, NIC के श्री वाय.वी.एस. राव तथा S.R.M. श्री सारांश शिर्के द्वारा प्राप्त निर्देशन एवं श्री अमित तुकाराम काम्बले (पुलिस अधीक्षक, अम्बिकापुर) तथा श्री जियाउर रहमान (DIO सरगुजा) के मार्गदर्शन में integrated Road Accident Database (iRAD) का प्रशिक्षण नियमित अंतराल में आयोजित कराया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सम्पूर्ण भारत में सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु का आंकड़ा प्रतिवर्ष बढ़ते जा रहा है जिसको दृष्टिगत रखते हुये एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस (iRAD) परियोजना तैयार किया गया है । जिसमें सड़क दुर्घटनाओं का कारण ज्ञात किया जावेगा एवं भविष्य में भिन्न भिन्न कार्यात्मक सुधार लाये जायेंगे, इस तारतम्य में जिला अम्बिकापुर के विभिन्न थानों में निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी उपस्थित हुये जिन्हे DRM अधिकारी श्री ताहिर अहमद दानी द्वारा iRAD के बारे में प्रशिक्षण दिया गया । ऑनलाइन मीटिंग द्वारा परिवहन, हाईवे तथा स्वास्थ्य विभाग के भी अधिकारी एवं कर्मचारियों को iRAD एप्प की उपयोगिता एवं एप्प में एंट्री हेतु दिनाक 30/11/2021 एवं 02/12/2021 को प्रशिक्षण दिया गया।

समसामयिकी

गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत नीति आयोग कार्यशाला मे एनआईसी दुर्ग छत्तीसगढ से संमिलित हुए



प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष पूर्ण होने और इसका उत्सव मनाने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के एक अंग के रूप में, नीति आयोग के कृषि वर्टिकल द्वारा 30 नवंबर 2021 को नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार की अध्यक्षता में प्राकृतिक खेती पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत एनआईसी छत्तीसगढ से अपने अध्यक्षीय भाषण में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में प्राकृतिक खेती और हिमाचल प्रदेश में अपने अनुभवों और अपने व्यक्तिगत अनुभवों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती में बदलाव के परिणामस्वरूप खेती की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है और मिट्टी के स्वास्थ्य और बेहतर उपज में सुधार हुआ है। उन्होंने इस मामले मे कम निवेश आवश्यकता और कम श्रम लागत को देखते हुए जैविक खेती के मुकाबले प्राकृतिक खेती के लाभ का भी उल्लेख किया। आचार्य देवव्रत ने इस बात पर जोर दिया कि प्राकृतिक खेती अग्रिम पंक्ति की तकनीकों और वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित रही है। इस बात का उल्लेख डॉ. राजीव कुमार ने भी किया।

जागरूकता

एनआईसी छत्तीसगढ़ में सांप्रदायिक सद्भावना अभियान सप्ताह, 2021

देश भर में साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 19 से 25 नवंबर तक राष्ट्रीय एकता सप्ताह मनाया गया। 23 नवंबर को एनआईसी छत्तीसगढ़ ने "राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने और बनाए रखने के लिए आईसीटी की भूमिका" विषय पर वर्चुअल वाक्पटुता कार्यक्रम का आयोजन किया।

एनआईसी अधिकारियों के साथ-साथ उनके बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, ईकॉमर्स, संस्कृति आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में आईसीटी के योगदान पर चर्चा की गई। आईसीटी ने पूरे राष्ट्र को एक साथ आने, एक साथ सोचने और साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करने के लिए एक माध्यम बन गया है।

समापन भाषण में उप महानिदेशक एवं रा. सू. वि. अधिकारी डा० अशोक कुमार होता ने प्रतिभागियों के विचार-विमर्श की सराहना की और विषय पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम का सफल समन्वय डीआईओ बिलासपुर के श्री अरविंद यादव (तकनीकी निदेशक) और एनआईसी स्टेट सेंटर की वैज्ञानिक-बी श्रीमती अभिलाषा सोनी ने किया।

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, छत्तीसगढ़ में NICL(क्रिकेट) लीग फाइनल का आयोजन

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एन.आई.सी.) मंत्रालय, अटल नगर, रायपुर के द्वारा फाइनल मैच का आयोजन दिनांक 12.12.2021 को TEN11-Challengers एवं TNS- TITANS के बीच खेला गया जिसमें TEN11-Challengers विजयी रही। डॉ. अशोक कुमार होता, राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, श्री टी.एन. सिंह, ASIO, श्री पी. रामाराव, ASIO, श्री वाय.वी.एस. राव, वैज्ञानिक-एफ, श्री अशोक कुमार मौर्य, वैज्ञानिक-एफ मैच के दौरान दोनों टीमों से मिले एवं उनका उत्साहवर्धन किया। मैच के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का एवं विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफीज एवं मैडल दिए गए।

राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा प्रतिभागियों को बधाई एवं टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु समिति के सदस्यों को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी गई।

अंत में कार्यक्रम का संचालन कर रहे श्री ऋषि राय, वैज्ञानिक-बी ने उत्साह के साथ भाग लेने एवं टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु धन्यवाद दिया।